# Rapid Fire करेंट अफेयर्स 12 अगस्त

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-august-12

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में स्वदेशीकरण को प्रोत्साहित करने के लिये रक्षा खरीद परिषद (Defence Acquisition Council-DAC) ने हाल ही में अपनी बैठक में भारतीय नौसेना के लिये **स्वदेशी सॉफ्टवेयर डिफाइंड रेडियो (SDR टेक्टिकल)** तथा अगली पीढ़ी की **मेरीटाइम मोबाइल तटीय बैटरी (NGMMCB लंबी दूरी)** की खरीद की मंज़ूरी दी। SDR एक जटिल और अत्याधुनिक संचार प्रणाली है, जिसे देश में ही DRDO, BEL तथा वेपन इलेक्ट्रानिक्स सिस्टम इंजीनियरिंग स्टैब्लिशमेंट (WESE) द्वारा डिज़ाइन और विकसित किया गया है। यह प्रणाली सूचना साझा करने, सहयोग तथा उच्च गति डेटा के माध्यम से परिस्थितिजन्य जागरूकता में सहायक है और जैम-रोधी क्षमता के साथ वायस कम्युनिकेशन हासिल कर सकती है। अगली पीढ़ी की मेरीटाइम तटीय बैटरी को ज़मीन-से-ज़मीन पर मार करने वाली क्रूज़ मिसाइल सुपरसोनिक ब्रह्मोस के साथ लैस कर तटों पर तैनात किया जाएगा। NGMMCB भारत और रूस के संयुक्त उद्यम ब्रह्मोस एरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विकसित और निर्मित है। स्वदेश में विकसित ये दोनों उपकरण अगली पीढ़ी के हैं और सरकार के मेक इन इंडिया कार्यक्रम को प्रोत्साहित करेंगे। विदित हो कि रक्षा खरीद में व्यावसायिक सुगम्यता पर फोकस को जारी रखते हुए DAC ने रक्षा खरीद प्रक्रिया में वर्ष 2016 में संशोधन को भी मंज़ूरी दी थी।
- आयकर विभाग ने **स्टार्टअप कंपनियों** को राहत देते हुए उनके आकलन और जाँच नियमों में छूट देने का फैसला किया है। इसके तहत उन स्टार्टअप कंपनियों से अतिरिक्त कर की मांग नहीं की जाएगी जिन्हें उद्योग संवर्द्धन एवं आतंरिक व्यापार विभाग (DPIIT) से मान्यता मिली हुई है। यह छूट उन मामलों में लागू होगी जहाँ जाँच आयकर अधिनियम की धारा 56(2)(7b) तक सीमित है और आम बोलचाल की भाषा में जिसे **ऐंजल टैक्स** कहा जाता है। विदित हो कि गैर-सूचीबद्ध कंपनियों द्वारा शेयर जारी करके जुटाई गई पूंजी पर लगने वाला आयकर ऐंजल टैक्स कहलाता है। यह उन मामलों में लगता है जहाँ शेयर की कीमत उचित बाज़ार मूल्य से ज़्यादा मानी जाती है। जो स्टार्टअप कंपनियाँ DPIIT से मान्यता प्राप्त नहीं हैं, उनके आकलन अधिकारी को ऐंजल टैक्स सहित किसी भी मुद्दे की जाँच या सत्यापन करने के लिये अपने वरिष्ठ अधिकारियों की अनुमति लेनी होगी। इस वर्ष के बजट में यह कहा गया था कि सभी ज़रूरी जानकारी देने वाली स्टार्टअप कंपनियों को मूल्यांकन में किसी तरह की जाँच का सामना नहीं करना पड़ेगा।

- **सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय** ने 'रोज़गार समाचार' का इलेक्ट्रॉनिक संस्करण **ई-रोज़गार समाचार** शुरू किया है। इसका उद्देश्य युवाओं को सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों सहित सरकारी क्षेत्र में रोज़गार के अवसरों के बारे में जानकारी देना है। इसमें करियर पर केंद्रित विशेषज्ञों के लेखों के ज़रिये विभिन्न क्षेत्रों में दाखिले और रोज़गार के अवसरों के बारे में सूचना दी जाएगी। रोज़गार समाचार पत्र का इलेक्ट्रॉनिक संस्करण युवाओं के सूचना के इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों की ओर बढ़ रहे रुझान की चुनौती को पूरा करेगा। इसका मूल्य प्रिंट संस्करण की लागत का 75% है और ई-संस्करण का वार्षिक शुल्क 400 रुपए है। आपको बता दें रोज़गार समाचार एम्प्लॉयमेंट न्यूज़ (अंग्रेज़ी) का हिंदी संस्करण है। एम्प्लॉयमेंट न्यूज़ भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय का फ्लैगशिप साप्ताहिक रोज़गार समाचार पत्र है। इसे वर्ष 1976 में देश के बेरोज़गार युवाओं को रोज़गार के अवसरों की जानकारी उपलब्ध कराने के लिये शुरू किया गया था। यह अंग्रेजी (एम्प्लॉयमेंट न्यूज़), हिंदी (रोज़गार समाचार) और उर्दू (रोज़गार समाचार) में प्रकाशित होता है। इसमें मंत्रालयों/विभागों/कार्यालयों/संगठनों/स्वायत्त इकाइयों/ सोसायटियों/केंद्रीय, राजकीय एवं केंद्रशासित प्रदेशों के तहत आने वाले सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों; सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों/आरआरबी/यूपीएससी/एसएससी/ संवैधानिक एवं वैधानिक निकायों और केंद्र/राज्य सरकारों के विश्वविद्यालयों/कॉलेजों अथवा यूजीसी/एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त संस्थानों में होने वाली रिक्तियों की जानकारी दी जाती है।
- **66वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों** की घोषणा कर दी गई है। बेस्ट हिंदी फिल्म का अवॉर्ड **'अंधाधुन'** को दिया गया है। आयुष्मान खुराना और तब्बू स्टारर इस फिल्म का निर्देशन श्रीराम राघवन ने किया है। इसके अलावा फिल्म **'पद्मावत'** को बेस्ट कोरियोग्राफी और इसी फिल्म के लिये बेस्ट म्यूजिक डायरेक्टर का अवॉर्ड संजय लीला भंसाली को मिला है। बेस्ट एंटरटेनमेंट फिल्म का अवॉर्ड **'बधाई हो'** को दिया गया है। बेस्ट एक्टर अवॉर्ड **आयुष्मान खुराना** (बधाई हो) और **विकी कौशल** (उड़ी: द सर्जिकल स्ट्राइक) को तथा बेस्ट एक्ट्रेस अवॉर्ड **कीर्ति सुरेश** (महानती) को मिला है। मोस्ट **फिल्म फ्रेंडली स्टेट** के लिये उत्तराखंड को अवॉर्ड दिया गया है। आपको बता दें कि वैसे तो हर साल राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों का ऐलान अप्रैल में किया जाता है, लेकिन इस साल लोकसभा चुनावों के मद्देनजर इसकी घोषणा को टाल दिया गया था। भारत सरकार के **फिल्म समारोह निदेशालय** द्वारा दिये जाने वाले राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कारों की शुरुआत वर्ष 1954 में की गई थी।
- **मणिपुर सरकार** ने 9 साल की लड़की **एलंगबाम वैलेंटिना** को राज्य का **ग्रीन एम्बेसडर** नियुक्त किया है, जो पेड़ काटे जाने पर रोने लगी थी और उसके रोने का वीडियो वायरल हुआ था। पाँचवीं कक्षा में पढ़ने वाली वैलेंटिना ने चार साल पहले घर से लगी सड़क के पास नदी के किनारे दो गुलमोहर के पेड़ लगाए थे, जिनके प्रति उसे लगाव था। लेकिन नदी के किनारे की सड़क को चौड़ा करने के लिये इन पेड़ों को काट दिया गया, जिसके कारण वह रोने लगी। पेड़ों के प्रति इस लड़की के प्रेम ने कई लोगों का ध्यान खींचा, जिसमें राज्य के मुख्यमंत्री **एन. बिरेन सिंह** भी शामिल थे। वैलेंटिना राज्य के लोगों के लिये एक उदाहरण बन सकती है, इसलिये उन्होंने उसे ग्रीन एम्बेसडर बनाने का फैसला किया, ताकि राज्य के लोग वैलेंटिना का अनुसरण कर प्रकृति की रक्षा करें।